राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्

महेन्द्रू, पटना–800006(बिहार)

सज्जन आर. (IAS)
निदेशक

Tele No: 0612-2370030(O)
E-mail : directorscertbihar@gmail.com

पत्रांक 5352

पटना दिनांक 15/10/2024

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदधिकारी,

विषय :– बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम, 2024 (मुख्य विषयः ''मानवीय गतिविधियों का हमारे पर्यावरण पर प्रभाव'' (Impact of Human Activities on Our Environment)) का आयोजन के संबंध में।

महाशय,

सायंस फॉर सोसायटी,बिहार एवं बिहार काउन्सिल ऑन सायंस एंड टेक्नोलॉजी की सहभागिता से शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय तथा राज्यकीयकृत विद्यालयों में वर्ग 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों में नकारात्मक प्रभाव देने वाले मानवीय गतिविधियों का विकल्प तलाश करने के उद्देश्य से बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। सत्त विकास लक्ष्य (SDG) के मद्देनजर इस वर्ष का मुख्य विषय ''मानवीय गतिविधियों का हमारे पर्यावरण पर प्रभाव'' रखा गया है। इसके अन्तर्गत निम्न उपविषयों पर अपने स्थानीय संदर्भ में विज्ञान के तथ्यों के आधार पर वैकल्पिक प्रक्रिया की परियोजना, 4 चार्ट्स तथा Log Book का प्रदर्शन करेंगे।

01. सतत भविष्य के लिए जल संरक्षण
02. बेहतर भविष्य के लिए समृद्ध जैव विविधता
03. फसल उत्पादन पर पारिस्थितिक कारकों का प्रभाव
04. जलवायु परिवर्तन और उत्पादकता पर इसका प्रभाव

बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम–2024 का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर श्रंखलाबद्ध तरीके से होगा।

01. दिशा निर्देशन/प्रशिक्षण कार्यशालाओं एवं जिला स्तरीय आयोजन सायंस फॉर सोसायटी, बिहार के निर्देशानुसार संपन्न होगा।
02. जिला स्तर पर बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम हेतु शिक्षक अपने मार्गदर्शन में विद्यालय मे छात्र/छात्राओं द्वारा दो सदस्यों के समूह में परियोजना तैयार करवायेंगे। इसके लिए विद्यालय कोष से 500/– (पाँच सौ रूपये) तक सीमा राशि खर्च की जा सकती है।
03. जिला स्तर पर चयनित परियोजनाएं निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्य स्तरीय कार्यक्रम, कुर्मा संस्कृति स्कूल, जहानाबाद (20–22 दिसम्बर 2024) में बच्चें परियोजना प्रस्तुति में भाग लेंगे।
04. राज्य स्तर में उच्च विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों के यात्रा भत्ता का भुगतान उनके स्थापना द्वारा किया जायेगा।

05. अन्य सभी कार्यक्रम संलग्न दिशा निर्देश के आलोक में किया जायेगा।
06. प्रखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन सर्व शिक्षा अभियान की राशि से किया जायेगा।

अपने स्तर से सभी विद्यालयों में संबंधित सूचना याथाशीघ्र भेजना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :- दिशा निर्देश की प्रति संलग्न

प्रतिलिपि :- सभी क्षेत्रीय शिक्षोपनिदेशक/अध्यक्ष,महासचिव, सायंस फॉर सोसायटी, बिहार पटना, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

Signed by
Sajjan Rajasekar
Date: 14-10-2024 18:12:33
निदेशक